## खबर संक्षेप



### रेत के अवैध परिवहन ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

**कटनी।** रेत के अवैध दोहन और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उमरियापान पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध रूप से रेत ले जा रहे एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में की गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रविवार को थाना प्रभारी उमरिया पान ने स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग लगाई थी। इसी दौरान एक लाल रंग का नया स्वराज ट्रैक्टर आता दिखा, जिसे रोककर तलाशी ली गई। ट्रैक्टर की ट्राली रेत से लबालब भरी हुई थी। जब चालक अजीत कोल 29 वर्ष निवासी बड़ौदा से रेत परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। दस्तावेज न होने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को मय रेत के जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 106 BNSS के तहत इस्तगासा पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर कार्यालय खनिज विभाग, कटनी को भेज दिया है। इस छापामार कार्यवाही में उप निरीक्षक भारत सिंह मार्को, एएसआई कोदू लाल दहिया, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, अजय तिवारी, आशीष झरिया, आरक्षक योगेश पटेल, नीलेश पटेल, मोहन मोबेल और रोहित झारिया की सक्रिय भूमिका रही।

### विशेष ग्राम सभा और साइकिल दौड़ का आयोजन



**सिलौंडी।** सिलौंडी में विश्व महिला दिवस के अवसर पर पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय ने शासन की महिलाओ को सशक्त बनाने की योजनाओं पर प्रकाश डाला। बालिकाओं की साइकिल दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें विजेता बालिकाओं को पुरुस्कार दिया गया। इस दौरान सचिव देवराज धनगर , रोजगार सहायक अमरीश राय , आगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना महोबिया ,सावित्री नामदेव ,विनीता राय ,रीना राय , आंगनवाड़ी सहायिका, साक्षी हल्दकार, बैजू दहिया ,अरुण राय आदि की उपस्थिति रही।

### चना और मसूर खरीदी के लिये पंजीयन 16 मार्च तक

**कटनी।** प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू है। किसान भाई 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु भी पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टकर श्री तिवारी ने सभी किसानों से असुविधा से बचने हेतु अंतिम तिथि के पूर्व अपना पंजीयन कराने की अपील की है। चना एवं मसूर के पंजीयन के दौरान इस वर्ष खरीदी केन्द्रों द्वारा उपज खरीदने से पहले कृषकों की वास्तविक पहचान के लिए आधार का सत्यापन सक्षम पी.ओ.एस. मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण कर वास्तविक किसान का सत्यापन किया जावेगा, क्योकि विगत वर्षों की भांति ओ.टी.पी मान्य नहीं होगा। यदि कृषक खरीदी केन्द्र पर स्वयं उपस्थित न हो पाये तो अपनी फसल के विक्रय हेतु पंजीयन के समय 3 अधिकृत व्यक्तियों का नाम और आधार नंबर दे सकता है। जिनके द्वारा पंजीकृत किसान की फसल खरीदी केन्द्र पर लाई जा कर विक्रय किया जा सकेगा।

### चिकित्सकों की कमी के चलते शोपीस बनकर रह गये हैं लाखों की लागत से बने अस्पताल

# जिले के सरकारी अस्पतालों में कहीं आधी अधूरी तो कहीं रामभरोसे है स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रियायती एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधायें मिल सके इसके लिए लाखों करोड़ों रूपए की लागत से भवन व संसाधन तो सरकार ने मुहैया कराई लेकिन चिकित्सकों की कमी के चलते सारी व्यवस्थाएं धरी की धरी नजर आ रही हैं। आलम यह है कि ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर नहीं होने के चलते उपचार के लिए लोगों को या तो जिला अस्पताल आना पड़ता है या फिर निजी अस्पतालों की ओर रूख करना होता है। दोनो ही हालातों में आर्थिक व्यय व मानसिक परेशानी होती है। जिले के प्राथमिक से लेकर उप एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ के पद सालों से रिक्त पड़े हुए हैं ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना सैकड़ो मरीज पहुंचते हैं लेकिन जरूरी सेवा का भी लाभ नही मिल पा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति तो और भी बदतर



हैं। यहां भी चिकित्सक के अभाव में परीक्षण से लेकर इलाज तक का जिम्मा नर्सिग स्टाफ के कंधो पर है। सबसे ज्यादा परेशानी तब बनती है जब कोई दुर्घटना पीड़ित, किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित या फिर जहर खाने, आग से जलने आदि कारणों से यहां पहुंचता है और तत्काल जरूरी इलाज भी नही मिल पाता। जो समझ आया वही इलाज किया गया फिर सीधे सीधे रिफर की पर्ची बना दी जाती है। कहने तो प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन डाक्टरो के अभाव में लोागो को कामचलाऊ सेवायें भी नही मिल पा रही है फलस्वस्प लोग निजी डाक्टरो व झोलाछाप से ही लुटने पिटने मजबूर है।

शासन द्वारा ग्रामीण अस्पतालों में आबादी के मान से बड़ी पंचायतों में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाकर यहां कम से कम से प्रत्येक केन्द्र में एक बहुउद्वेष्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं एएनएम के पदों की मंजूरी दी गई है ताकि प्राथमिक तौर पर बीमार ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार व सही परामर्श मिल सके। लेकिन सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में स्वीकृत पद व दर्शित सुविधाए तो दूर केवल भवन ही शोपीस बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरो की कमी तो है ही मैदानी अमला भी पर्याप्त नही है। एक एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के जिम्मे न सिर्फ कई गांव है बल्कि दो या इससे भी अधिक उपस्वास्थ्य केन्द्र है।

गांव गांव चिन्हित बड़ी पंचायतों में इस उद्वेश्य से उपस्थास्थ्य केन्द्र बनाये गये है ताकि स्थानीय व आसपास के गांवो के ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। उपस्वास्थ्य केन्द्रो में मरीजों के उपचार, दवा कक्ष से लेकर अन्य प्रांरभिक सेवाओं को ध्यान में रखकर भवन तो बनाया गया है इसी भवन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के निवास की भी सुविधा है बावजूद इसके दो या दो से अधिक स्वास्थ्य केन्द्रो का प्रभार होने की वजह से ज्यादातर स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रभार वाले स्थानों में न रहकर अन्यत्र जगहो से अपडाउन कर रहे है।

हैरानी की बात तो यह है कि लचर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समय समय पर समचार पत्रो के माध्यम से कमियां सामने लाये जाने के बावजूद इस दिशा में जिम्मेदार वरिष्ट विभागीय भी निरीक्षण तक का समय नही निकाल पा रहे।



## हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र में कैलवारा बायपास पर रविवार दोपहर एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, केलवारा निवासी नरेश पाल, धनु पाल और कैलाश आदिवासी अपनी बाइक से किसी निजी काम से जा रहे थे। केलवारा बायपास के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर कई फीट तक घिसटते चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी, जिससे बाइक सवारों को संभलने का मौका नहीं मिला।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल कटनी भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों युवकों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन कल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज़ की मांग को लेकर ग्राम संघर्ष समिति व आमजनों के द्वारा 10 मार्च को स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल रोको जन आंदोलन किया जायेगा। 10 मार्च मंगलवार को प्रात 8 बजे से करीब 40 गाँव से अधिक के जनप्रतिनिधि ओर आमजन प्रदर्शन शुरू करेंगे।

ग्राम विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि नई ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर पिछले कई माह से सभी प्रयासरत है। इसके लिए डीआरएम से लेकर रेल मंत्रालय तक ओर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तक पत्राचार ओर ज्ञापन के माध्यम से जबलपुर -अंबिकापुर सिंगरौली इंटरसिटी, जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस केअलावा अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही है लेकिन उनकी मांगो को गंभीरता से नही लिया जा रहा है। बजट के समय इतवारी ट्रेन के स्टॉपेज की चर्चाएं थी, लेकिन निर्णय नही लिया है जिस कारण मांगे न माने जाने के कारण 10 मार्च को रेल रोको आंदोलन का निर्णय लिया गया।

रेल रोको आंदोलन में पचास गाँव के लोग शामिल होंगे। इनमें स्लीमनाबाद, बंधी स्टेशन, धरवारा, इमालिया, सरसवाही, भूला, महगवां, मटवारा, सलैया फाटक, मढ़ाना, कनोजा, पौनिया, कारीपाथर, भनपुरा, तेवरी, सिहुडी छपरा, तिहारी, पड़वार, जुजावल, भेड़ा, बिचुआ, लखनवारा, गुदरी, टिकरिया, भगनवारा, सैलारपुर, खुडावल, खिरवा सहित अन्य गावों के लोग शामिल होंगे। स्लीमनाबाद स्टेशन से लोकसभा खजुराहो ओर शहडोल के लोग अपनी यात्रा करते है जिनके लिए स्लीमनाबाद स्टेशन केंद्र बिंदु है। ग्राम विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने रेल रोको जनआंदोलन में क्षेत्र की आमजनता के साथ जबलपुर ओर कटनी की यात्रा करने वाले विद्यार्थियों ओर अपडाउनर्स से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

## कटनी, ढीमरखेड़ा और रीठी में शिविरों का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्पस से समाधान अभियान के तहत सोमवार 9 मार्च को कटनी एम कॉर्पोरेशन, ढीमरखेड़ा, विकासखंड कटनी और रीठी में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्तष आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा।

जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 9 मार्च को कटनी एम कार्पोरेशन में वार्ड नं 30 सीएलपी वार्ड, वार्ड नं 31 राम निवास सिंह वार्ड, वार्ड नं 32 कावस जी वार्ड, वार्ड नं 33 फारेस्टसर वार्ड, वार्ड नं 34 रामकृष्णड परमहंस वार्ड, वार्ड नं 36 डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, वार्ड नं 37 विवेकानंद वार्ड के लोगों के लिए जोन क्रमांक 05, खेरमाई सामुदायिक भवन, लखेरा में शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी प्रकार विकासखंड ढीमरखेड़ा में ग्राम कचनारी, खम्हलरिया, गौरा, नेगई, पाली और सिलौड़ी के लोगों के लिए ग्राम पंचायत सिलौंडी में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन विकासखंड कटनी में ग्राम कनहवारा, खमतरा, जोबा, जोबीकलां, धित्वमरा, पुछी, पिलौंजी, बिस्त रा, मतवार और पड़रिया के लोगों के लिए कन्हबवारा

## रंगपंचमी पर महिलाओं ने राधा कृष्ण संग खेली होली



तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद में रविवार को रँगपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू सिंहवाहिनी मंदिर मे रँगपंचमी की धूम रही। यहां वृंदावन और बिरज का नजारा देखने को मिला। जहां राधा- कान्हा संग जमकर होली खेली। रंग गुलाल और फूलों की बारिश से पूरा माहौल सरोबोर रहा। महिला मंडल के द्वारा रँगपंचमी पर होली गीत आज बिरज मैं होली रे रसिया,होली खेले रघुवीरा अवध मैं होली खेले रघुवीरा, रंग से रंग मिलाना सजन तुम ऐसे रंग मिलाना,खेली खेली रे राम संग फाग अवध मैं भरे रे कटोरा रंग केसर के जैसे एक से बढ़कर एक फाग गीतों की धुन पर नाचती हुई रँगपंचमी पर्व को सेलिब्रेट की। ब्रज होली से पूर्व मंदिर मे फूलों की होली खेली गई। भगवान बाँके बिहारी को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए व आरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई। रंग-अबीर,गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। ग्रामीण अंचल में भी रविवार को रँगपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। हरिदास ब्रजधाम कोहका, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्लीमनाबाद, जगदीश धाम खिरहनी, श्रीराम जानकी मंदिर कौड़िया में देर शाम फाग गीतों का आयोजन किया गया। जहां रंग गुलाल का उड़ा। होली मिलन समारोह भी आयोजित किये गए।

## राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्यडॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव के निर्देशन में राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर सुरक्षा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सुरक्षा जीवन का आधार है सुरक्षा किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है इन्हीं शब्दों के साथ डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा साइबर अपराध एवं उनसे सुरक्षा विषय में व्याख्यान देकर महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं की जागरूकता का प्रयास किया गया। श्रीमती श्रीवास्तव के व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य समाज एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध के भाव को जागृत कर सुरक्षा के प्रति समझ



को विकसित करना था।

कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए नीरज गोहलानी के द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी फिशिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए विषय पर व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर ज्योति सोनी के द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का इतिहास एवं स्थापना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एन एस सी (नेशनल सेफ्टी काउंसिल) के उद्देश्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं के समक्ष सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर अरुण कुमार ,नीरज गोहलानी, धीरज डिकोनिया, श्रीमती ज्योति ताम्रकार एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उत्साह जनक रही।

### महिला दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जन शिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवस पहले प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें मॉडल जन शिक्षण संस्थान के पूर्व भारतीयों के द्वारा मेकअप प्रतियोगिता रखी गई एवं हेयर स्टाइल प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समापन 8 तारीख को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन किया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुदेशकों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से नवाजा गया। अनुदेशकों में प्रमुख रूप से सीता मैडम, कविता



मैडम, बबली सेन, रुचि सेन, रिचा, सृष्टि सिंह, हर्षित सिंह ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को निर्णायक मंडल द्वारा नाम प्रस्तुत किए गए जिन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जन शिक्षा संस्थान के निदेशक के लाली सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में कहा गया कि महिला हमारे देश का गौरव है और हर महिला को आत्मनिर्भर बनना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यदि महिला आत्मनिर्भर रहेगी तो उसके घर की आर्थिक सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। इस कार्यक्रम में स्टाफ के हेमंत राज अजय बबीता सिंह दिव्यांशु अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

जन शिक्षण संस्थान कटनी की निदेशक लाली सिंह ने महिलाओं के लिये चंद लाइन कही.. एक दिन नहीं एक संकल्प है नारी केवल रिश्तों का नाम नहीं वह साहस है संघर्ष है सफलता है वह मन है जो त्याग सिखाती है वह बेटी है जो सपने सजाती है वह बहन है जो हौसला बढ़ाती है और वह स्वयं एक शक्ति है जो हर मुश्किल में मुस्कुराती है और आज हम यह प्रण लेते हैं सम्मान देंगे सामंत देंगे और हर नारी को उसके सपनों की उड़ान देंगे।

### महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

## आज की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में बना रही हैं सफलता के नये कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मेंजिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत महिला परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए, 'महिला सशक्तिकरण में आर्थिक स्वावलंबन की भूमिका' पर चर्चा की गई। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण में आर्थिक आत्मनिर्भरता को महत्वपूर्ण बताया।



उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर, निर्णय लेने की शक्ति और परिवर्तन की शक्ति प्रदान करती है। वहीं

श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी हैं एवं सफलता के नये कीर्तिमान बना रही हैं।

श्रीमती नेहा पचीसिया, नगर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलायें सक्षम बनकर अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाएं। सुश्री शिवा पाठक, उप पुलिस अधीक्षक ने महिला सम्बन्धी कानूनों एवं अधिनियमों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ चित्रा प्रभात, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी द्वारा 'उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता' पर उद्बोधन देते हुए बालिकाओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की।

डॉ सुनीता वर्मा, चिकित्सक, जिला चिकित्सालय, कटनी द्वारा कन्या भ्रूण हत्या एवं समाज में बालिकाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। डॉ शेफाली जैन, नेत्र विशेषज्ञ द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं विश्व ग्लूकोमा वीक के परिपेक्ष्य में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। श्री सौरभ नामदेव, जिला प्रबंधक, ई गवर्नेंस कटनी द्वारा महिलाओं हेतु साइबर सुरक्षा पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी देते हुए साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताये गये।

### स्मरण चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

सीईओ सुश्री कौर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को स्मरण चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, श्री सतीश पटेल, श्रीमती विद्या पाण्डेय, श्रीमती आरती यादव एवं श्रीमती अनुपमा आटे, परियोजना अधिकारी गण की विशेष उपस्थिति रही।

## रेत के अवैध परिवहन पर 3 ट्रेक्टर ट्रालियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेत का अवैध परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। खितौली पुलिस द्वारा अवैध रेत का खनन की सूचना पर ग्राम करचुलहा खितौली-चंदिया मार्ग के पास अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए तीन ट्रेक्टर ट्राली पकड़े गये। ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट का पकड़ा गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर चालक गोविंद सिंह पिता गुलाब सिंह गौड़ 36 साल निवासी करचूलहा मौके पर मिला है। ट्रैक्टर ट्राली में लोड रेत के संबंध में दस्तावेज पता करने पर कोई भी वैध कागज प्रस्तुत नहीं किए गए। इसी तरह दूसरा भी बिना नंबर का रेत से भरा ट्रैक्टर जिसका चालक शुभम मिश्रा पिता विनोद मिश्रा कुमार 27 साल निवासी बरवाही टोला हदरहटा मौके पर मिला। रेत के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज पता करने पर कागजात प्रस्तुत नहीं किया। तीसरा ट्रैक्टर भी बिना नंबर का पकड़ा गया। जांच दौरान ट्रैक्टर चालक रामजी यादव पिता कमल यादव 35 साल निवासी करचुलहा से रेत के संबंध में पूछताछ पर कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उक्त वाहन को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर ट्राली जप्त की गई तथा चौकी परिसर में खड़ा कराया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, चौकी खितौली प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल, आरक्षक आशीष पटेल, दिलीप कुमार कोल, अंकित बड़गैया की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### वेतन नहीं मिलने पर डॉक्टर ने दिया इस्तीफा

**कटनी।** बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। पिछले 8 महीनों से वेतन न मिलने से परेशान होकर मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीरज विश्वकर्मा ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस इस्तीफे ने न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि जिले के चिकित्सा जगत में भी हड़कंप मचा दिया है। डॉ. नीरज विश्वकर्मा के अनुसार वे लंबे समय से बड़वारा में अपनी सेवाएँ दे रहे थे, लेकिन पिछले 8 माह से उन्हें मानदेय नहीं मिला। उन्होंने बताया कि वेतन की मांग को लेकर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के कई चक्कर लगाए, फोन पर संपर्क किया और व्यक्तिगत रूप से भी अपनी गुहार लगाई। हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर टाल दिया गया। आर्थिक और मानसिक दबाव के चलते उन्होंने पद छोड़ना ही उचित समझा। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति पहले से ही चिंताजनक थी, जो अब और भी भयावह हो गई है।

### मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए फागिंग

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से शहर के विभिन्न वार्डों में वृहद फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। निगम अमले द्वारा 6 वार्डों में फॉगिंग कर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए।स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान निगम की टीमों द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड, बिरसा मुंडा वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, राम मनोहर लोहिया वार्ड, गणेश प्रसाद मसूरहा वार्ड सहित जालपा देवी वार्ड में रासायनिक धुएं का छिड़काव किया गया। इस दौरान वार्डों की प्रमुख सड़कों, गलियों एवं संवेदनशील क्षेत्रों, घनी बस्तियों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से दवा का छिड़काव किया। इस कार्रवाई का उद्देश्य डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे को कम करना और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा कहीं भी पानी जमा न होने दें, जिससे मच्छरों के पनपने की संभावना कम हो सके। निगम द्वारा आगामी दिनों में भी वार्डवार फागिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### जागरूकता समिति ने किया होली मिलन का आयोजन



**सिलौंडी।** रंगपंचमी सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में रंगों के महत्व और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का प्रतीक भी है। यह पर्व होली के पांच दिन बाद आता है और इसे उल्लास, उमंग और आध्यात्मिक शुद्धि से जोड़कर देखा जाता है।हर साल की तरह इस बार भी जागरूकता समिति ने श्री राम स्टेडियम में होली मिलन का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय ने होली मिलन में पहुंचकर गुलाल का तिलक लगाकर जागरूकता समिति के सदस्यों का उत्साह वर्धन किया ।जागरूकता समिति में गांव में लोगो की सेवा में दिन रात लगी आगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका ,पंचायत कर्मी शामिल है ।सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका और पंचायत कर्मी का उत्साह वर्धन किया ।जागरूकता समिति संयोजक अमरीश राय ने अपनी समिति के माध्यम से लोगों की सेवा लगे है । उपसरपंच राहुल राय ने बताया रंगपंचमी का दिन हमें सिखाता है कि जैसे रंग जीवन को सुंदर बनाते हैं वैसे ही प्रेम, सौहार्द और एकता हमारे रिश्तों को मधुर बनाते हैं। रंग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और ये सिर्फ बाहरी सौंदर्य ही नहीं बढ़ाते, बल्कि हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं ।इस दौरान सचिव देवराज धनगर,जागरूकता समिति के धीरज जैन,मीना महोबिया ,सावित्री नामदेव ,विनीता राय ,रीना राय,अरुण राय,साक्षी ,बैजू आदि रहे।

---

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान**

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के प्रांगण में अडानी फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में "एक बगिया माँ के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आजीविका संवर्धन एवं आधुनिक कृषि गतिविधियों हेतु ड्रिप सिंचाई सेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर थीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत से सीमा सिंह, संजय सोधियॉ सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। साथ ही विभिन्न ग्रामों से आई स्व-सहायता समूह की बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती कौर ने पौधारोपण क्षेत्र का फील्ड विजिट किया और "एक बगिया माँ के नाम" के तहत महिलाओं द्वारा किए जा रहे फलदार पौध रोपण का निरीक्षण किया। इसके उपरांत



जनपद पंचायत प्रांगण में पहुँची 67 स्व-सहायता समूह महिलाओं को ड्रिप सिंचाई सेट प्रदान किए गए। इन सेटों के माध्यम से महिलाएं फलदार पौधारोपण, बागवानी और अन्य कृषि गतिविधियों में कम पानी में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकेंगी। यह पहल न केवल महिलाओं की आय बढ़ाएगी, बल्कि पोषण वाटिका, पर्यावरण संरक्षण और जल बचत को भी बढ़ावा देगी।

कार्यक्रम स्थल पर आजीविका उत्पाद मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए घरेलू उत्पाद, संरक्षित खाद्य, फल-सब्जी आधारित उत्पाद तथा हस्तशिल्प आदि का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने मेले में प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की और महिलाओं के कार्य, सर्जनात्मकता एवं आत्मनिर्भरता की विशेष रूप से प्रशंसा की।

कार्यक्रम में संबोधित होते हुए सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि "महिलाएं समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण शक्ति हैं।" उन्होंने बताया कि जब महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होती हैं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र पर पड़ता है।उन्होंने कहा कि "महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है।" उन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आय बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा।

सीईओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की पहलों को सराहते हुए कहा कि यह महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा – "जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो उसके साथ पूरा परिवार आगे बढ़ता है, और जब परिवार सशक्त होता है, तो समाज भी सशक्त बनता है।"उन्होंने महिलाओं को नवाचार अपनाने, बागवानी, ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों को ग्रहण करने और अन्य आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने इनकी मेहनत, लगन एवं नवाचार की उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिलाओं की मेहनत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

---



## एक दूसरे का सम्मान करें, नये कीर्तिमान करें स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला बाहरी रूप से सशक्त है लेकिन आंतरिक रूप से भी सशक्त हो इसके लिए राजयोग द्वारा शक्तियों की पहचान करें और नारी नारी का सम्मान करें और नारी दूसरी नारी के लिए रोडा ना अटकाए । और जब नारा आध्याक जीवन में आती है तो नारी तू महान है सर्वगुणों की खान है । नारी जब जग जाएगी स्वर्ग धरा पर लाएगा।

उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित नारी सम्मान कार्यक्रम मे राजयोग केंद्र संचालिका में बीके लक्ष्मी दीदी ने व्यक्त किए ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर प्रीति सूरी ज्योति सिंह चौहान महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केंद्र पुष्पलता पटेल, शिल्पी सोनी पूर्व पार्षद, रजनी वर्मा, निकिता कोटक कल्पना कोटक ,रुचि गुप्ता, सुमन रजक, लक्ष्मी जायसवाल का तिलक, सम्मान पटका, बैच और ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मानित किया गया ।

### बेहतर समाज का करें निर्माण

तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन कर महिला सशक्तिकरण राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आंतरिक शक्ति नारी सुरक्षा और स्वस्थ समाज के निर्माण पर जोर दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन बीके विनोद भाई ने किया। इस अवसर पर साक्षी बजाज बीके दुर्गा बहन, ज्योति बहन, रानी शर्मा बरखा बहन नीलाजलि बहन का सहयोग रहा।

---

**देवराखुर्द पंचायत के कुदरा टोला के वार्ड 7 में बन रही सीसी सड़क**

## 5 लाख से निर्माणाधीन सड़क में मानकों एवं गुणवत्ता को किया जा रहा दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

देवरा खुर्द में सांसद निधि की नवीन सड़क में भारी अनियमिततायें एवं नियमों को दरकिनार किये जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाये गये हैं। निमर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने की शिकायत अधिकारियों से भी ग्रामीणों द्वारा की गई लेकिन किसी तरह की जांच नहीं की गई।

आरोप कर्ता ग्रामीणों में हरिशंकर चौधरी, पंच प्रदीप तिवारी, अनिल द्विवेदी, आशीष विश्वकर्मा आदि का कहना है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा नव निर्माण सड़क में भारी अनमिताएं की गई हैं। सरपंच सचिव ने ठेकेदार से रोड निर्माण कार्य कराया गया। ग्रामीणों



का आरोप है कि जनपद के जिम्मेदार जानकर चुप्पी साधे बैठे हैं। शिकायतों की अनदेखी से कार्य में मनमानी की जा रही है। देवराखुर्द ग्राम के कुदरा टोला वार्ड क्रमांक 7 में सांसद निधि से बन रही सीसी सड़क में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। यह सड़क खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा की सांसद निधि से लगभग 5 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है। लंबाई करीब 100 मीटर बताई जा रही है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है साथ ही सीमेंट भी कम मात्रा में डाली जा रही है। मशीनों से कार्य कराकर गांव के मजदूरों का हक भी छीना जा रहा है।

ग्रामीणों ने जनपद उप यंत्री आलोक पटेल तक शिकायत पहुंचाई लेकिन कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनपद स्तर पर समय रहते कार्रवाई होती तो आज यह स्थिति निर्मित नहीं होती। गौरतलब है कि विजयराघवगढ़ जनपद की कई पंचायतों में पहले भी मनरेगा और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में रही हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती रही है।

देवराखुर्द के ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि जिला स्तरीय तकनीकी टीम से जांच कराई जाए निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाये। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क मानक अनुसार नहीं बनी तो यह भी अन्य सड़कों की तरह कुछ ही महीनों में उखड़ जाएगी, और जनता के पैसे की खुली बर्बादी होगी।

---

**कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा वैचारिक एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण**



भाजपा मंडल उमरियापान द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत पचपेढ़ी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी प्रशिक्षण की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। मंडल प्रभारी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों एवं नीतियों से गहराई से अवगत कराया जाएगा। कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता एवं संवाद कौशल का विकास करना, पार्टी के कार्यक्रमों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा संगठन को अधिक मजबूत, अनुशासित और सक्रिय बनाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया कि जिले से मंडल स्तर पर तीन सदस्यीय टोली बनाई गई हैं। जिनकी देखरेख में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा,ताकि प्रशिक्षण शिविर व्यवस्थित, प्रभावी और उद्देश्यपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। बैठक में पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत चौरसिया, राजेश ब्यौहार, महामंत्री अंकित झारिया, जगन्नाथ मांझी, मुन्नू गौतम, रामविशाल विश्वकर्मा, प्रमोद असाटी, राकेश दाहिया, वेदप्रकाश हल्दकार, प्रदीप चौरसिया, शैलेंद्र झारिया, विनोद साहू, वैभव चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

---

## कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों के कार्यक्षेत्र का किया निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कानून व्यिवस्थाम और प्रशासनिक कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एसडीएम कटनी ने अनुविभाग कटनी अंतर्गत थाना कोतवाली कटनी, माधवनगर, कुठला, एनकेजे, रंगनाथनगर, जीआरपी, रीठी, बड़वारा तथा उपरोक्त थाना अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकियों से प्राप्त इश्तगासा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 126, 135 में अग्रिम कार्यवाही एवं निराकरण किये जाने हेतु तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के मध्य पुलिस थाना एवं थाना अंतर्गत पुलिस चौकी का कार्य विभाजन आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार तहसील कटनी नगर अंतर्गत पुलिस थाना कोतवाली कटनी, कुठला, माधवनगर एवं एनकेजे की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार तहसील कटनी नगर संदीप सिंह को दी गई है। जबकि इनके लिंक अधिकारी नायब तहसीलदार कटनी नगर श्रीमती साक्षी शुक्लाज होंगी। वहीं श्रीमती साक्षी शुक्ला को जीआरपी थाना, महिला थाना एवं रंगनाथ थाना का दायित्वक सौंपा गया है। जबकि संदीप सिंह इनके लिंक अधिकारी होंगे।

इसी प्रकार तहसील कटनी ग्रामीण अंतर्गत पुलिस चौकी झिंझरी एवं निवार चौकी का दायित्वक नायब तहसीलदार तहसील कटनी ग्रामीण आशीष कुमार चतुर्वेदी को दिया गया है। जबकि इनके लिंक अधिकारी प्रभारी तहसीलदार कटनी अतुलेश सिंह होंगे।

जबकि तहसील रीठी अंतर्गत पुलिस थाना रीठी एवं सलैया चौकी का दायित्व प्रभारी तहसीलदार रीठी आकांक्षा चौरसिया को दिया गया है और इनकी लिंक अधिकारी नायब तहसीलदार रीठी वृत्त बिलहरी सुश्री अनुराधा सिंह रहेंगी। इसी प्रकार सुश्री अनुराधा सिंह को बिलहरी चौकी का दायित्वर सौंपा गया है और इनकी लिंक अधिकारी आकांक्षा चौरसिलया रहेगी।

इसके अलावा तहसील बड़वारा अंतर्गत पुलिस थाना बड़वारा का दायित्वी नायब तहसीलदार हर्ष रामटेके को दिया गया है। जबकि इनके लिंक अधिकारी प्रभारी तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम को बनाया गया है।

---

**महिला दिवस सप्ताह पर खेल उत्सव का हुआ आयोजन**

## खेल प्रतियोगिताओं, योगाभ्यास सहित व्यायाम जागरूकता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर के उपलक्ष्य में 'फिट इंडिया विमेंस वीक 2026' सप्ताह अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं, योगभ्यास एवं व्यायाम जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं हेतु आयु वर्ग अनुसार खेल जैसे खो-खो, कबड्डी, फ्रॉग रेस, निम्बू रेस,



योगभ्यास एवं रस्सी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य एवं फिटनेस विषय पर लघुसंवाद का आयोजन किया गया।

### खेलों में की गई सहभागिता

बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, रस्सी कूद, निम्बू रेस में बढ़चढ़ कर भाग लिया गया। स्थानीय रुचिकर खेलों में भाग लेते हुए महिलाओं का उत्साह और खुशी देखते ही बनती थी।

### आत्मरक्षा एवं सुरक्षा पर किया जागरूक

शासकीय अनुसूचित जनजाति सीनियर कन्या छात्रावास खिरहनी में फिट इंडिया अभियान अंतर्गत विमेंस वीक के परिपेक्ष्य में आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती शैली तिवारी, प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, कटनी द्वारा बालिकाओं को विपरीत परिस्तिथियों में आत्मरक्षा के गुर दिये गये। उन्होंने बालिकाओं को महत्वपूर्ण टोल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एकीकृत आपातकालीन रिस्पांस नंबर 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कोई भी महिला या बालिका मुसीबत में हो तो इन टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्हें वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सेवाएं के बारे में भी बताया गया।

---

**स्लीमनाबाद में आयोजित हुआ स्थापना दिवस ओर होली मिलन समारोह**

## श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ (कर्मचारी कल्याण कोष) द्वारा संघ के स्थापना दिवस एवं रंगपंचमी के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में होली मिलन एवं रंगोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय रहे!कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि शिक्षक समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हम पूर्णतः संकल्पित हैं। शिक्षक समाज की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शिक्षार्थी विद्यार्थी हित में भयमुक्त



वातावरण में ही शिक्षा का श्रेष्ठ वातावरण निर्मित होता है, जिससे नौनिहालों का उज्वल भविष्य संवरता है और एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। इसी प्रकार शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए भी भयमुक्त वातावरण अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा माँ भगवती देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदन किया गया। तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन भी किया गया।

अतिथि शिक्षक संघ की ओर से जिलाध्यक्ष कंचन पांडेय द्वारा मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, मप्र शिक्षक कांग्रेस प्रान्ताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, चंद्रशेखर अग्रहरी, संगीता महोबिया, रानी दुबे,नवनीत चतुर्वेदी, जे.पी. हल्दकार,सुशील तिवारी प्रांतीय प्रवक्ता रमाशंकर तिवारी, जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, जिला प्रभारी पंकज प्यासी, रवि दुबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला सुनील रतन गुप्ता, रघुवर यादव ने भी संबोधित किया।

कर्मचारी कल्याण कोष के शिक्षक हितैषी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संघ के प्रवक्ता रमाशंकर तिवारी ने बताया कि संघ के एक लाख से अधिक सदस्य हैं तथा संघ अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि दिवंगत शिक्षक परिवारों की सहायता के रूप में प्रदान कर चुका है। उन्होंने सभी शिक्षकों से संघ की निःशुल्क सदस्यता लेने का आग्रह किया।

इस रंगोत्सव कार्यक्रम में सीताराम विश्वकर्मा, बिनोद पाटकर, प्रहलाद पटेल कृष्णकांत गर्ग,मुकेश झारिया,सोनल काछी, मिथलेश झारिया, लक्ष्मी हल्दकार, रविन्द्र हल्दकार आदि अन्य सैकड़ो साथियो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अखिलेश पांडेय एवं पंकज प्यासी ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

---

## आयुष्मान कार्डधारियों को नि:शुल्क ईलाज हेतु 11 निजी हास्पिटल चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान निरामय योजना' के तहत कटनी जिले के 11 निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारी परिवारों के प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क कैशलेस उपचार हेतु चिन्हित किये गये हैं।

### इन अस्पतालों में मिलेगी सुविधा

सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रशासन द्वारा अनुबंधित अस्पतालों में धर्मलोक हॉस्पिटल,जी.जी. नर्सिंग होम, वर्धमान हॉस्पिटल, गुरुकृपा हॉस्पिटल, माँ दुर्गा हॉस्पिटल, कटनी लाइफ केयर एंड रिसर्च सेंटर, जी.डी. चौदहा मेमोरियल मल्टी स्पेपशलिटी हॉस्पिटल, अपेक्स हॉस्पिटल, चांडक हॉस्पिटल, श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी और एमजीएम हॉस्पिटल शामिल हैं। इन अस्पतालों में विशेषज्ञता के अनुसार जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, शिशु रोग, स्त्रीर रोग, ईमरजेंसी रूम पैकेज, हाई एंड मेडिसिन, हाई रिस्के डिलेवरी, आंखों के रोग, बर्न मैनेजमेंट, स्त्रीं रोग, इंफेक्श न डिसीज, न्यूररोसर्जरी, हृदय रोग, कैंसर सर्जरी, प्लाबस्टि सर्जरी बर्न मैनेजमेंट, डायग्नोस्टिक, फेस एंड मेक्सी लरी सर्जरी का इलाज उपलब्ध होगा। कलेक्टर और सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने आम जनता से अपील की है कि वे स्वयं और अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस योजना का लाभ अवश्य उठाएँ। साथ ही, सभी संबंधित निजी अस्पतालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने संस्थान के भीतर और बाहर आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाएँ, ताकि मरीजों को भटकना न पड़े।

खबर संक्षेप

### संचरण संधारण संभाग में धूमधाम से मनाया गया लाइनमैन दिवस, 43 लाइन कर्मियों का हुआ सम्मान

**पन्ना।** संचरण संधारण संभाग में लाइनमैन दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता श्री अशोक कुमार निकोसे उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी स्तर पर 5 उत्कृष्ट लाइन कर्मियों को सम्मानित किया गया, जबकि संभागीय स्तर पर 43 लाइन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार निकोसे ने लाइन कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने सभी कर्मियों से सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में लाइनमैन को कंपनी के हीरो बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी वे निरंतर सेवा देकर विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी लाइनमैन को सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेवा प्रदान करने तथा कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सकारात्मक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी लाइनमैन को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई तथा प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के सभी संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरदीप सिंह परिहार द्वारा किया गया, जबकि अंत में विनोद कुमार सक्सेना सहायक अभियंता ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान-बेटियों के भविष्य की सुरक्षा हेतु विशेष पहल

**पन्ना।** डॉ. अभिषेक जैन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अभिभावकों एवं 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को सूचित किया जाता है कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 8 मार्च 2026 (रविवार) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककरहटी, बराछ, रकसेहा में ह्यूमन पैपिलोमावायरस (भ्च्ट) वैक्सीन का निःशुल्क टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया।

## तेंदूखेड़ा में पानी की समस्या से लोग परेशान, रंग पंचमी पर नहीं पहुंचा पानी

# कई वार्डों में पानी के लिए मोहताज लोग तीन दिनों से नर्मदा जल सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर में इन दिनों पानी की समस्या को लेकर आमजन काफी परेशान हैं। रंग पंचमी जैसे त्योहार के दिन भी नगर में नर्मदा जल की सप्लाई नहीं होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगरवासियों का कहना है कि त्योहार के अवसर पर पानी की विशेष आवश्यकता होती है, लेकिन तीन दिनों से सप्लाई बंद है सप्लाई बंद रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। ज्ञात हो कि नगर में लम्हेटा घाट से नर्मदा जल की सप्लाई की जाती है। नर्मदा जल योजना के अंतर्गत नगर के लगभग 80 प्रतिशत घरों में एक दिन छोड़कर करीब एक घंटे के लिए पानी पहुंचाया जाता है। हालांकि जब से यह व्यवस्था शुरू हुई है, नगर परिषद की पूर्व में संचालित बोर आधारित जल आपूर्ति व्यवस्था भी लगभग बंद हो गई है। लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से बनी नर्मदा जल योजना का अपेक्षित लाभ नगरवासियों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में असंतोष देखा जा रहा है। इस संबंध में नगर परिषद के जलप्रभारी रामकुमार यादव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि नर्मदा जल लाइन जबलपुर जिले के बासन पाटन क्षेत्र से बंद होने की जानकारी मिल रही है। उनके अनुसार वहां स्थापित मोटर में तकनीकी खराबी आने के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। ज्ञात हो कि कई बार लम्हेटा घाट से तेंदूखेड़ा तक करीब 45 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन में भी तकनीकी खराबियां आ जाती हैं। कभी पाइपलाइन दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है, तो कभी मोटर में खराबी आ जाती है या अन्य कारणों से भी सप्लाई बाधित होती रहती है गर्मी की शुरुआत ही हुई है और उससे पहले ही पानी की समस्या उत्पन्न हो जाना नगरवासियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। इस बार नर्मदा जल योजना की परीक्षा की घड़ी है क्योंकि पिछली बार नगर परिषद की जल सप्लाई एवं नर्मदा जल सप्लाई दोनों नगर वासियों को मिल रही थी लेकिन नर्मदा लाइन के चालू होने के बाद परिषद ने अपनी सप्लाई बंद कर दी थी जिसके कारण कई जगहों के पाइप चोरी हो चुके हैं तो कई जगह नगर परिषद की लाइन खराब हो चुकी है ऐसे में 33 करोड़ की योजना क्या सफल होगी फिलहाल नगर परिषद द्वारा लगभग 3 टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है, साथ ही जहां-जहां नगर परिषद की लाइन से पानी पहुंचाया जा सकता है वहां पानी पहुंचाया जा रहा है लेकिन यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। इस संबंध में नर्मदा जल प्रबंधन के प्रोजेक्ट ऑफिसर जबलपुर तुषार ठाकरे से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## बम्होरी-बनवार में रंगपंचमी की धूम

# युवाओं ने जमकर खेला रंग; निकला भव्य जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

होली के बाद मनाई जाने वाली रंगपंचमी का पर्व बम्होरी और बनवार क्षेत्र में इस वर्ष बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही युवाओं और बच्चों में रंगपंचमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और रंगों के साथ खुशियां बांटीं। रंगपंचमी के अवसर पर ग्राम में युवाओं द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर युवा जमकर थिरके और पूरे नगर में रंग-गुलाल उड़ाते हुए जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व का आनंद लिया। इस दौरान पूरे नगर का माहौल रंगों से सराबोर नजर आया। बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी ने इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आपसी भाईचारा और उत्साह और बढ़ गया। रंगपंचमी के इस उल्लासपूर्ण माहौल में जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे क्षेत्र को रंगमय कर गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ रंगपंचमी का पर्व मनाकर परंपरा को जीवंत बनाए रखा।

## तिलक लगाकर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**सगौनी।** शासन के निर्देशनुसार ग्राम पंचायत पटेरिया में आज 8 मार्च को ग्राम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें कई विषयों पर चर्चा की गई, जैसे कि पीएम पोषण अंतर्गत शालाओं में वितरण किये जाने वाले मध्यान्ह भोजन का नियमित साप्ताहिक मेनू गुणवत्तापूर्ण एंव निर्धारित मात्रा में प्रदाय पर चर्चा, विधार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को त्यौहार जन्मदिन या मांगलिक कार्यक्रम पर ग्राम की शाला में तिथि भोज दिये जाने के संबंध में चर्चा, इंटरनेशनल मिलेट ईयर के संबंध में बच्चों में जागरूकता लाना एवं शाला स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करना आदि कई विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें म.प्र. जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया के अध्यक्ष मुलाम राय, व सभी सदस्यों ने भाग लिया ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि बलराम राय, सचिव कैलाश सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, व स्व सहायता समूह की महिलाऐं और ग्राम की महिलाओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर रंगपंचमी की बधाईयां दी और वासियों की उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ महिला सम्मेलन

## उत्कृष्ट आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान, साइबर सुरक्षा और योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन का आयोजन, 450 महिलाओं की सहभागिता तेंदूखेड़ा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास समिति दमोह द्वारा एसजीपी टेरी के सहयोग से कृषि उपज मंडी प्रांगण तेंदूखेड़ा में भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीओपी अर्चना अहीर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सिंह सहित अन्य अतिथियों ने रानी दुर्गावती के साहस और योगदान को याद करते हुए महिलाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सम्मेलन में महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि एसडीओपी अर्चना अहीर ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में महिलाएं बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। वहीं सीडीपीओ पूजा ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष नीतू साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सविता पाल ने समाज सुधारक ज्योतिराव फुले के विचारों का उल्लेख करते हुए महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में लगभग 450 महिलाओं ने भागीदारी की, जिनमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सरपंच, पंच तथा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान "नारी शक्ति जिंदाबाद" के नारों से पूरा परिसर उत्साह और ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रश्मि साहू, लक्ष्मी पाल, ज्योति धुर्वे, नीतू साहू, शिवानी सीएचओ, लक्ष्मी राय, संध्या रावत सरपंच, खुशबू, गोविंद यादव, राजकिशोर सेन, आरती ठाकुर, नीता बेन, ममता पाठकर, ज्योति राव, ज्योति रैकवार, प्रियंका साहू, राजेश सिंह, सुषमा यादव, डॉ. दीप्ति नामदेव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में ग्रामीण विकास समिति द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# गगन भेदी जयकारों के साथ हुई मासिक महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





प्रत्येक माह की भांति इस माह भी भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में मासिक महा आरती कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में संपन्न की गई जिसमें हजारों की संख्या में मां के भक्तों ने भाग लिया और सैकड़ो लोगों ने नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया और महाप्रसाद एवं गुरु शक्ति जल प्रसाद का पान किया समापन की बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी श्री बलराम सिंह जी ने कहा कि आज होली के महापर्व मनाने की वास्तविकता 5 दिन चलती है जिसमें असत्य पर सत्य की जीत के प्रत्येक स्वरूप मनाई जाती है बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी तभी से आज तक हम अपने जीवन में सात रंगों का प्रवेश हो एवं कुसंस्कार हमारे नष्ट हो भक्ति मिले शक्ति मिले और आत्मज्ञान की प्राप्ति हो इसलिए हम होली का त्यौहार मनाते हैं। गुरुवर श्री की विचारधारा से अवगत कराते हुए श्री बाबूलाल विश्वकर्मा जी ने कहा कि आज लोक भिन्न-भिन्न प्रकार से इस महत्वपूर्ण को त्योहार से मानते हैं जिसमें समाज में विभिन्न प्रकार की बुराइयां पैदा हो गई हैं नशे की लिपटा अश्लीलता जैसे बुराइयों से गिर चुका है उसे समाप्त करने के लिए नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवणों का जीवन जीना बहुत जरूरी है तभी समाज में प्रति एक त्यौहार शांति भाव से मनाया जा सकता है गुरुवर श्री की विचारधारा से उपस्थित मां भक्तों को श्री सूरत से जीने अपने विचार व्यक्त किया गजराज अथिया जी ने अपने विचार व्यक्त किया अंत में सभी ने गुरुवार का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जिले में 14 एवं 15 मार्च को होने वाले विशाल अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के भव्य आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय मुख्य सचिव उपस्थित रहेंगे पहला कार्यक्रम जबेरा ब्लॉक एवं दूसरा कार्यक्रम पथरिया ब्लाक में संपन्न किया जाएगा।

# आशारामजी आश्रम में मनाया वैदिक होली रंगपंचमी महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओवर ब्रिज के आगे हटा रोड़ दमोह में स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम के आत्मिक शांति प्रदान करने वाले सुरम्य, शांत, मनमोहक, आध्यात्मिक, वातावरण में वैदिक परंपराओं व प्राकृतिक रंगों पलाश ( टेसू ), गेंदा, गुलाब आदि के फूलों के रंगों गंगाजल, सुगन्धित इत्र आदि के मिश्रण से निर्मित रंगों की बौछारों से सम्पन्न हुआ वैदिक होली रंगपंचमी महोत्सव जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, बच्चियां, महिलाए, पुरुष आदि की उपस्थिति देखी गयी। आयोजन समिति के अनुसार संत श्री आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से विगत 40 वर्षों से देश-विदेश में स्थित लगभग 450 आश्रमों में प्राकृतिक रंगों से बड़ी ही भव्यता व सात्विकता से मनाया जाता है वैदिक होली महोत्सव इसी श्रृंखला में दमोह में स्थित आश्रम में भी आज रंगपंचमी होली महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास, पवित्रता, प्राकृतिक रंगों की बौछारों भगवन्नाम की धुनों व भंडारा भोजन प्रसादी आदि के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरु वंदना, भगवन्नाम सुमिरन,सत्संग से हुआ उसके पश्चात श्री राधा-कृष्ण का रूप धारण किए बालिकाओं ने प्राकृतिक रंगों से निर्मित फुहारों के माध्यम से सैकड़ों भक्तों पर रंगों की बौछार कर सभी भक्तों को रंग दिया सभी श्रद्धालु आज अपने शरीर को पलाश के स्वास्थ्य वर्धक रंग व गुरु के ज्ञान एवं मन को भगवन्नाम की भक्ति के रंग से रंग रहे थे। आयोजन समिति ने सभी सेवाधारियों भाई बहनों को आभार व साधुवाद दिया एवं सभी पधारे हुए श्रद्धालुओं को इस पावन पर्व की खूब-खूब शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी और सभी शहर वासियों को स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली केमिकल युक्त रंगो से बचकर पवित्र प्राकृतिक स्वास्थ्य वर्धक रंगो से वैदिक होली खेलने का आव्हान किया।

# ध्रुव की अटूट भक्ति से मिलता है धैर्य और सच्चे समर्पण का संदेश



**बनवार।** ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास पंडित श्री जागेश्वर कृष्ण शास्त्री ने बाल भक्त ध्रुव की प्रेरणादायक कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को सच्ची भक्ति, धैर्य और समर्पण का संदेश दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कथा व्यास ने बताया कि राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को सौतेली माता द्वारा अपमानित किए जाने पर वे भगवान की भक्ति के लिए वन में चले गए। मार्ग में नारद मुनि ने उन्हें "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र का जाप करने का उपदेश दिया। ध्रुव ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया, जिसके फलस्वरूप भगवान ने उन्हें दर्शन देकर आकाश में अटल स्थान का वरदान दिया। यही स्थान आज ध्रुव तारा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि ध्रुव की कथा हमें यह सिखाती है कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ संकल्प से असंभव भी संभव हो जाता है। कथा के दौरान ध्रुव के वंश में जन्मे राजा वेन का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि राजा वेन अत्यंत अहंकारी और अधर्मी हो गया था। उसने यज्ञ-हवन और भगवान की पूजा पर रोक लगा दी तथा स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा। उसके अत्याचारों से दुखी होकर ऋषि-मुनियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं माना तो ऋषियों ने अपने तपोबल से उसका अंत कर दिया। इसके बाद ऋषियों ने उसके शरीर से धर्मप्रिय और प्रजावत्सल राजा पृथु को प्रकट किया, जिन्होंने प्रजा के कल्याण और धर्म की स्थापना का कार्य किया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और बड़े उत्साह के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय कारागार के सभी बंधन स्वतः खुल गए और वसुदेव जी नवजात कृष्ण को लेकर यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचे, जहां नंद बाबा और माता यशोदा के यहां उनका पालन-पोषण हुआ। कथा के अंत में कथा व्यास ने कहा कि ध्रुव की भक्ति हमें धैर्य, विश्वास और भगवान के प्रति समर्पण का संदेश देती है, जबकि राजा वेन का प्रसंग यह सिखाता है कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त।

# श्री निसई जी में प्रेरणा उत्सव पत्रिका का विमोचन



**दमोह।** श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ निसई जी सूखा जी में प्रेरणा उत्सव की पत्रिका का विमोचन किया गया , प्रेरणा उत्सव के संयोजक अर्चना और भूपेंद्र जैन ने बताया कि यह आयोजन तारण जैन समाज का अब तक का सबसे बड़ा घर घर होने वाला उत्सव है। इसके अंतर्गत दमोह जिले के परिवारों को जोड़ा जा रहा है। जिसमें श्री तारण त्रिवेणी जी का पाठ नियमित रूप से पूर्ण शुद्धि के साथ घर पर किया जाता है कार्यक्रम के जिला संयोजक शास्त्री श्वेता और रमेश जैन ने बताया कि यह आयोजन 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है इसमें पाठ करने के साथ कंठस्थ करने वाले परिवारों का रजत चैन से सम्मानित किया जाएगा। श्रद्धा जैन सरपंच ने कहा कि उत्सव के समापन अवसर पर शामिल सभी प्रतिभागियों का समान के साथ प्रेरणा अनुमोदना का भव्य आयोजन सूखा निसई में होगा तीर्थ के मंत्री के सी जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया इस विमोचन में जयंती जैन ऋतु जैन किरण जैन कविता जैन मोंटी जैन प्रीति जैन सारिका जैन डालचंद जैन गीतेश जैन प्रदीप जैन रुचि , प्रियंका ,नीतू, रागनी , रजनी , शिल्पी, पिंकी, अर्चना , श्रद्धा , मिनी , श्रृष्टि, पीहू, प्राची , आदि की उपस्थिति रही।

### सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के मध्य प्रदेश के महिला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**पवई।**

प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह जी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पन्ना जिले की आन बान शान सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के मध्य प्रदेश के महिला प्रदेश अध्यक्ष पद पर पदासीन किया गया है जिस उपलक्ष में स्वागत बंधन अभिनंदन करने आज कटनी जिला के जिला अध्यक्ष हरभजन राय, जिला संयोजक जागेश्वरयादव, तहसील प्रभारी शिव कुमार, सागर संभाग वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट पुन्य प्रताप सिंह परमार, छतरपुर से पधारे निरंजन कुमार तिलक, पन्ना जिला मंत्री मुन्नालाल जायसवाल, पन्ना जिला प्रचार मंत्री अमृत लाल कोल, धीरेन्द बागरी, राजेंद्र पटेल प्रभाकर मणि पटेल दीपक साहू पवन सरावगी, एवं पवई के समस्त पत्रकार बंधु सहित अनेक पदाधिकारी गण महिला प्रदेश अध्यक्ष सुश्री संगीता जायसवाल के निज निवास पर पहुंचे और उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई शुभकामनाएं दी सभी पदाधिकारी गण द्वारा उनका स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में मनाया होली मिलन समारोह

**गैसाबाद।** रंगों का पवित्र त्यौहार रंग पंचमी के पावन पर्व पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समाजसेवी कृष्णगोपाल श्रीवास्तव के सानिध्य में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे के सहित होली पर्व मनाया। क्षेत्र वासियों को शुभकामना संदेश देते हुए कांग्रेस नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने सभी से मिलकर रहते हुए मोहब्बत और अमन चैन शांति और सद्भावना के साथ मिलजुल कर रहने की अपील की। होली मिलन समारोह में जनपद सदस्य प्रतिनिधि गोलू उपाध्याय, अभय सिंह राजपूत हरिदास अहिरवार हर प्रसाद आदिवासी सहित क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

### टीईटी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करेगा प्रांतीय शिक्षक संघ

**बनवार।** आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च को जारी किए गए टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश के बाद प्रदेशभर के शिक्षक संवर्ग में हलचल तेज हो गई है। इस आदेश को लेकर प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का निर्णय लिया है। प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर दुबे ने बताया कि आयुक्त के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं शिवसागर तिवारी, बी.के. सतीजा और विवेक तनख्वाह से विस्तृत चर्चा की गई है। कानूनी सलाह के आधार पर प्रदेश के शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अब प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के नाम से सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संगठन द्वारा प्रदेशभर में शिक्षकों को जागरूक करने और आगे की रणनीति तय करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संगठन के सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि 22 मार्च को अपने-अपने जिलों में जिला स्तरीय बैठक आयोजित करें और शिक्षकों को आदेश के संभावित प्रभावों से अवगत कराएं। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष दुबे ने जानकारी दी कि 29 मार्च 2026 को भोपाल में प्रदेश के विभिन्न अध्यापक संगठनों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में टीईटी आदेश के मुद्दे के साथ-साथ प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के विषय पर संयुक्त मोर्चा के गठन को लेकर भी चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। इधर संगठन के दमोह जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर सहित डीसी बेन, शैलेंद्र जैन, रामरतन मिश्रा और नरेंद्र ठाकुर ने 22 मार्च को दमोह में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैठक में अधिक से अधिक शिक्षक साथियों से उपस्थित होकर अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की है।

## जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में रंगपंचमी की अनूठी परंपरा

# भोलेनाथ को रंग-गुलाल अर्पित कर भक्तों ने मनाई रंगपंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में रंगपंचमी का पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। यहां भक्तों ने भगवान जागेश्वरनाथ महादेव को तिलक लगाकर रंग-गुलाल अर्पित किया और पारंपरिक अंदाज में जमकर होली खेली। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया।

रंगपंचमी के अवसर पर यहां पुरातन काल से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत श्रद्धालु भगवान के स्तंभू दिव्य शिवलिंग का रंग और गुलाल से अभिषेक करते हैं। इसी परंपरा को निभाते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान को रंग-गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।







मंदिर ट्रस्ट द्वारा इस अवसर पर आसपास के दर्जनों गांवों की भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। फागुनी गीतों और भक्ति भजनों की संगीतमयी धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते और नृत्य करते नजर आए। मंदिर परिसर में "हर हर महादेव" और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंदिर प्रबंधन से जुड़े रामकृपाल पाठक ने बताया कि रंगपंचमी के दिन भगवान जागेश्वरनाथ महादेव के मंदिर के पट प्रातः 4 बजकर 30 मिनट पर खोले जाते हैं। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान को नए वस्त्र धारण कराए जाते हैं। इसके पश्चात रंग-गुलाल अर्पित कर भगवान के साथ होली खेलने की परंपरा निभाई जाती है।

इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच भांग और प्रसाद का वितरण भी किया गया। दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जागेश्वरनाथ के दरबार में रंगपंचमी की इस अनूठी परंपरा में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए हुआ महंगा



### ईरान- इजरायल, अमेरिका युद्ध से रसोई गैस में महंगाई की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ईरान पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बाद रसोई गैस सिलेंडर में महंगाई की आग लग गई है। पूरे देश में हुई इस वृद्धि का प्रभाव जिले के साथ हटा पर भी पड़ा है। देश में घरेलू बजट पर एक बार फिर असर पड़ेगा। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए का इजाफा कर दिया है, जबकि 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 115 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। नई दरें 7 मार्च शनिवार से लागू हो गई हैं। इसका असर मध्यप्रदेश में भी दिखा है। एमपी के कई जिलों में इसकी कीमत 1000 रुपए के करीब पहुंच गई हैं। जो देश के प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से भी ज्यादा है। शनिवार को लोग हटा गैस एजेंसी सिलेंडर लेने पहुंचे तो वितरक ने उन्हें पुरानी दर 932 रुपए के स्थान पर 992 रुपए की रसीद काटकर थमा दी। जिसके चलते वितरक और ग्राहकों के बीच बहस होती भी दिखाई पड़ी। अचानक 60 रुपए बढ़ जाने से लोग अचरज में थे अधिकतर लोग तो ऐसे थे जो नगद बुकिंग कराने पहुंचे थे लेकिन उनके पास सिलेंडर की रेट अधिक हो जाने से पैसे कम पड़ गए थे ऐसे लोग आसपास से उधार लेते मोबाइल से पेमेंट करते हुए एवं घर जाकर पैसे लाते भी देखे गए कुल मिलाकर ईरान इजरायल अमेरिका की लड़ाई ने भारतीय रसोई में महंगाई की आग भड़का दी है।

#### महंगाई बढ़ने की आशंका

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहा यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो आने वाले दिनों में मुश्किल और बढ़ सकती है। गैस के बाद पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में भी इजाफा होने की प्रबल संभावना है, जिससे माल दुलाई महंगी होगी और आम जरूरत की अन्य वस्तुओं की कीमतें भी आसमान छू सकती हैं।

### पुलिस ने 6 माह से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**दमोह।** बटियागढ़ पुलिस ने 6 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 26.09.25 को थाना बटियागढ़ में मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 40 पेटी अबैध शराब जप्त की गई थी जिस पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्र. 314/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था। जिसमें करीब 06 माह से फरार आरोपी रामराज उर्फ रम्मू पिता बहादुर सिहं दांगी (ठाकुर) उम्र 40 साल निवासी गोरा थाना बहेरिया जिला सागर (म.प्र.) को दिनांक 07.03.2026 को चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार एवं स्टाप द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी पूर्व में थाना बण्डा में डकैती की योजना का सजायाब है एवं थाना बहेरिया में मारपीट का मामला दर्ज है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी सउनि आनंद कुमार, प्र.आर. विपेश चौबे, नव. आर. करन, आर. मयंक सायबर सेल दमोह का सहयोग रहा।

## रंग पंचमी पर निकाला जुलूस



**हटा।** नगर में रंगपंचमी पर रत्न बजरिया से स्वर्णकार समाज द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से जुलूस निकालकर रंग गुलाल बरसाते हुए गाजे बाजे डीजे पर जमकर थिरकते लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए नगरवासियों रंग पंचमी का उत्सव मनाया। बस स्टैंड पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक ब्लाक कांग्रेस कमेटी हटा अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ एवं पार्षद गणों सोमिल हजारी रमाकांत सराफ ने रंग पंचमी जुलूस का किया स्वागत, इस अवसर पर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष लपोडी सराफ ने समस्त व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों का आभार भी व्यक्त किया।

# आजादी के बाद पहली बार कोई मंत्री पहुंचे गिदरामाला ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के नजदीकी ग्राम पंचायत डे लन खेड़ा का ग्राम गिदरा मॉल उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन गया जब आजादी के बाद पहली बार ग्राम में क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का काफिला गांव में पहुंचा। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने गांव का दौरा करके ग्राम वासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना यह ग्राम मुख्यालय जबेरा से लगभग 12 किलोमीटर दूर पहाड़ियों और घने जंगल के बीच बसा हुआ है इस ग्राम में मंत्री की आगमन को लेकर के ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंत्री श्री लोधी ने गांव का पैदल भ्रमण कर ग्राम वासियों से सीधे संवाद किया एवं उनकी जरूरत तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली ग्रामीणों ने भी अपने बीच मंत्री को पाकर के उनका एटमी स्वागत किया एवं अपने ग्राम की वर्षों से लंबित मांगों को उनके सामने रखा। इस अवसर पर मंत्री श्री लोधी ने लगभग 49.74 लख रुपए की लागत से बनने वाली स्लैब कलवर्ट निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया मंत्री महोदय ने कहा कि इस निर्माण कार्य की पूर्ण होने के बाद गांव के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और बरसात की समय उन्हें होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। मंत्री ने कहा कि गिदरा माल गांव प्राकृतिक सौंदर्य और शुद्ध वातावरण से परिपूर्ण है यहां की हरियाली पहाड़ियों एवं प्राकृतिक परिवेश इस क्षेत्र की विशेष पहचान है उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य ऐसे दूरस्थ और उपेक्षित गांव तक विकास की योजनाओं को पहुंचना है ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। ग्राम वासियों ने मंत्री के सामने कई महत्वपूर्ण मांगे भी राखी इनमें गांव तक सुगम आवागमन के लिए सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। मंत्री श्री लोधी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा और आने वाले समय में इन कार्यों को मैं स्वीकृति दिलवाऊंगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री लोधी ने ग्रामीणों के साथ पारंपरिक बुंदेली फाग का आनंद लिया जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साह एवं अपनत्व से भर गया ।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे साथ ही कई जन प्रतिनिधि जिनमें सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे,राजेश सिंघई सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंत्री के इस दौरे को अपने ग्राम के लिए एक नई शुरुआत बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इस ग्राम में भी विकास कार्यों में तेजी आएगी एवं लंबे समय से चली आ रही हमारी समस्याओं से हम ग्राम वासियों को निजात मिलेगी।



## महिलाओं के विशेष योग सत्र का आयोजन



**दमोह।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान,किसान सेवा समिति एवं युवा भारत के द्वारा आयोजित सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 15वें दिवस योग सत्र समापन के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें दैनिक योगाभ्यास योगिक - जॉगिंग भस्त्रिका, कपालभाति वाह्य प्राणायाम, अग्निसार,अनुलोम विलोम,भ्रामरी उदगीथ प्रणब का ध्यान के साथ आसनों का अभ्यास कराया गया। उसके बाद महिला योग प्रशिक्षक द्वारा महिलाओं के लिए विशेष आसन एवं प्राणायाम बताए गए, योग प्रशिक्षक पंडित कृष्ण कुमार परौहा जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, कुसुम राजपूत एवं आशी परिहार ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में नवीन महिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में उपस्थित सभी माता बहनों को शुभकामनाएं देते हुए श्री परोहा ने योग एवं आयुर्वेद अपनाकर स्वयं एवं परिवार को स्वस्थ रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिला योग साधकों में डॉ रिया द्विवेदी मेडिकल ऑफिसर,संध्या तंतुवाय ,वंदना विश्वकर्मा,ज्योति मिश्रा, अभिलाष नेमा, नीलम जैन, रेशु जैन, गरिमा नामदेव एवं ज्योति ताम्रकार सहित नगरवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित योग साधकों को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाओं के साथ सत्र का समापन किया गया। आभार प्रदर्शन राजेश नेमा द्वारा किया गया।

# एचपीव्ही वैक्सीन करेगी सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों की रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत में हाल ही में इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। HPV वैक्सीन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। देशव्यापी HPV टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इसके तहत पात्रता 14 साल की लड़कियों को यह वैक्सीन मुफ्त दी जा रही है। कहाँ उपलब्ध हैः सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध है। सरकारी कार्यक्रम के तहत फिलहाल एक डोज दी जा रही है, जो वैज्ञानिक शोध के अनुसार किशोरियों के लिए प्रभावी है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आरकेएसके के अंतर्गत चल रहे साथिया प्रशिक्षण के दौरान सीबीएमओ हटा उमाशंकर पटेल द्वारा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तार से चर्चा कर किशोर -किशोरियों से जुड़े मुद्दे पर सवाल पूछे। वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर टीकाकरण अभियान की सफलता की कुंजी है। प्रशिक्षण के दौरान अक्सर इन मुख्य मिथकों और उनकी सच्चाई पर खुलकर संवाद हुआ और वैक्सीन लगवाने फायदे भी बताए गए। इस दौरान सीबीएमओ हटा उमाशंकर पटेल, डॉक्टर अनंत कुमार, डॉक्टर यशपाल, आरकेएसके प्रशिक्षक अमजद कुरैशी, रानी देवी चौहान, लोकेश रोहतास, वर्षा राजपूत माया पटेल व सेक्टर सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।



## रोजगार मेले का आयोजन




**सिंग्रामपुर।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखण्ड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेले 10 मार्च से 13 मार्च 2026 तक विभिन्न विकासखण्डों और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत सचिव राकेश सिंह ने बताया कि मंगलवार 10 मार्च 2026 को जबेरा विकासखण्ड के सिंग्रामपुर पंचायत भवन में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले में वर्धमान यार्न लिमिटेड मण्डीदीप, शिवशक्ति बायो फर्टिलाइजर दमोह, जबलपुर तथा आरसेटी दमोह की कंपनियां भाग लेंगी। प्रशासन द्वारा ग्राम संगठनों के माध्यम से रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और इच्छुक युवाओं की मेला स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में रोजगार मेला प्रभारी और ग्राम प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। प्रशासन ने क्षेत्र के युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

# भाट खमरिया में विकास कार्यों पर उठे सवाल

### ग्रामीणों ने जताया भ्रष्टाचार का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जनपद पंचायत मुख्यालय जबेरा की नजदीकी ग्राम पंचायत भाट खमरिया में लंबे समय से चल रहे पंचायत के विकास कार्यों को लेकर के अब ग्रामीणों में शक और नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत पंचायत एजेंसी को गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सीसी सड़क, नाली निर्माण और अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद पंचायत एजेंसी द्वारा कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इन कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती गई है। बताया जा रहा है कि पहले से बनी सीसी सड़क को ही नया निर्माण बताकर दिखाया जा रहा है। वहीं नालियों का निर्माण भी ठीक तरीके से नहीं किया गया है। कई जगह पहले से बनी नालियों को अधूरा ढक दिया गया, जिससे वहां गंदगी जमा होने लगी है ।जिस कारण से और ज्यादा ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में जब सरपंच से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव में नाली निर्माण का कार्य कराया गया है और कार्य नियमानुसार किया गया है। सरपंच का कहना है कि अगर किसी को काम दिखाई नहीं दे रहा है तो इसमें हम क्या कर सकते हैं। वहीं पंचायत के इंजीनियर राजकरण वर्मा का कहना है कि आपके द्वारा कार्य की जानकारी दी गई है। अगर ऐसी स्थिति है तो मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा और आपको इसकी जानकारी दी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ही इस तरह की लापरवाही करेंगे तो लोगों में शक और भ्रष्टाचार की आशंका पैदा होना स्वाभाविक है।

ग्रामीणों ने सरपंच और इंजीनियर की मिलीभगत की भी आशंका जताई है। दरअसल पंचायत में विकास कार्यों के लिए जब भी राशि निकाली जाती है तो इंजीनियर द्वारा उसका मूल्यांकन किया जाता है, उसके बाद ही राशि का उपयोग किया जाता है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या शासन द्वारा लाखों रुपये की राशि इसी तरह घटिया निर्माण कार्यों में खर्च करने के लिए दी जाती है। देखना होगा कि इस शिकायत पर उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है या इसे भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया जावेगा।






## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय महिला सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद सभा कक्ष, दमोह में जिला स्तरीय महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण एवं समाज के विकास में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई तथा सभी को समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सेक्टरों से उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक-एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एक-एक सहायिका सहित कुल 40 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात 12 कार्यकर्ताओं के मध्य कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में पर्यवेक्षकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक संजीव कुमार मिश्रा, एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुलेखा ठाकुर द्वारा किया गया।